# फर्जी पुत्र बन हथियाई बेशकीमती जमीन

## नेत्रहीन मां की बेटियों ने लगाया आरोप, कलेक्टर ने जारी किया नोटिस

**पन्ना, 09 सितम्बर. जिले के न्यायप्रिय कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा भूमाफियाओं के विरूद्ध ताबड़ तोड़ कार्यवाही का दौर जारी है.**

एक बार फिर ग्राम मनौर में गरीब आदिवासी परिवार की अवैध रूप से जमीन कब्जाने के प्रकरण में टिकुरिया मोहल्ला पन्ना निवासी श्रीकांत दीक्षित पिता स्व. भास्कर दीक्षित व इंद्रपुरी कॉलोनी पन्ना निवासी अनुपम त्रिपाठी पिता रामलखन त्रिपाठी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 सितम्बर को अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए कलेक्टर न्यायालय में समक्ष में उपस्थित होने के लिए आहूत किया है. अन्यथा मामले की सुनवाई और निपटारा के संबंध में आगामी कार्रवाई की जाएगी. जिला कलेक्टर ने तहसीलदार पन्ना को नोटिस की प्रतियां अनावेदकों को व्यक्तिश: तामील कराने तथा तामीली न होने पर संबंधितजन के निवास स्थल पर चस्पा कराने के निर्देश भी दिए हैं. इस संबंध में एक आवेदिका द्वारा 13 जनवरी 2022 को शिकायत प्रस्तुत कर बताया गया था कि मेरे पिता की मृत्यु हो गई है तथा जीवित माता नेत्रहीन हैं. अपने माता-पिता की हम केवल दो संतानें पुत्रियां हैं. ग्राम जैतूपुर तहसील अमानगंज निवासी एक फर्जी व्यक्ति द्वारा अपने एवं हमारे पिता के मिलते जुलते नाम का फायदा उठाया और हमारा भाई एवं माता-पिता का एक मात्र फर्जी पुत्र बनाकर फर्जी तरीके से हमारी जमीन अनुपम त्रिपाठी एवं श्रीकांत दीक्षित द्वारा क्रय की. इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना से जांच कराई गई. एसडीएम द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में लेख किया गया कि शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत शिकायत पत्र और संलग्न दस्तावेज शपथ पत्र में उल्लेख है कि उनके पिता की ग्राम मनौर स्थित भूमि खसरा नंबर 148/4 रकवा 2.000 हे. को अनुपम एवं श्रीकांत ने जैतुपुरा के एक फर्जी व्यक्ति राजाराम को आवेदिकाओं का भाई और उनके माता पिता का फर्जी पुत्र बनाकर जमीन अवैध तरीके से क्रय की गई, जबकि दोनों बहनों के संलग्न शपथ पत्र में लेख है कि हमारा कोई भाई नहीं है.

> आवेदिकाओं के निकट संबंधी एवं दो साक्षियों के प्रस्तुत शपथ पत्र में भी इस बात का उल्लेख है कि दिवंगत पिता की केवल दो पुत्रियां है एवं कोई भाई नहीं है. उक्त खसरा नंबर की भूमि को कुछ लोगों ने धोखाधड़ी करने ट्रांसफर करवा ली है. इनमें राजाराम सौंर सहित श्रीकांत दीक्षित एवं अनुपम त्रिपाठी शामिल हैं. शपथ पत्रों में यह भी लेख है कि श्रीकांत दीक्षित एवं रामलखन त्रिपाठी ने इस फर्जी कार्य के लिए राजाराम को 35 हजार रूपए दिए थे. इस प्रकरण में ग्राम मनौर की नामांतरण पंजी प्रविष्टि क्रमांक 10 पर तहसीलदार पन्ना द्वारा पारित आदेश की प्रति के संबंध में मूल नामांतरण पंजी से मिलान की कार्यवाही की गई. इस दौरान पाया गया कि यह प्रविष्टि हल्का पटवारी द्वारा खसरा नंबर के खातेदार की 15 वर्ष पूर्व मृत्यु और उनकी पत्नी 10 वर्ष पूर्व फौत होना लेखकर उनके फर्जी पुत्र के पक्ष में नामांतरण किए जाने के संबंध में दर्ज की गई थी. तहसीलदार पन्ना द्वारा मृतक के स्थान पर बारिश के नाम नामांतरण स्वीकृत किया गया. मूल नामांतरण पंजी के साथ उद्घोषणा पत्र चस्पा है, किंतु तामीली, मुनादी या प्रकाशन कराने संबंधी कोई रिपोर्ट इसमें अंकित नहीं है. 9 नवम्बर 2020 की नकल अनुसार पंजीकृत विक्रय पत्र 05 सितंबर 2020 के आधार पर श्रीकांत दीक्षित एवं अनुपम त्रिपाठी के पक्ष में स्वीकृत किया गया है.

# यूपीआई अब सिर्फ भारत नहीं, दुनियाभर में पहुंच गया : सिंधिया

**ग्वालियर, 09 सितम्बर. ग्वालियर पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यूपीआई मामले में कहा कि यूपीआई अब विश्व व्यापी हो चुका है.**



यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि नेपाल, भूटान, यूएई, फ्रांस, मॉरीशस तक पहुंच गया है. यह प्रधानमंत्री मोदी की क्षमता, लक्ष्य और दृढ़ इच्छा शक्ति से ही संभव हो पाया है. भारतीय डाक विभाग भी यूपीआई को लेकर विश्व भर में पहल कर रहा है और इसके बहुत अच्छे दूरगामी नतीजे आएंगे. सिंधिया ने यहां कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बहुत बड़ा समझौता यूपीआई का संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूपीयू के साथ हुआ है, 1875 में यह संस्था स्थापित हुई थी. इस दौरान 23 अरब देश के साथ भी मुलाकात हुई. यूपीयू संस्था के साथ भारत का डीपीआई के तहत यूपीआई का समझौता हुआ, ताकि उसकी जो क्षमता है और उससे जो सीख मिले. वह यूपीओ में भी सम्मिलित हो. इस समझौते पर हमारे भी हस्ताक्षर हुए हैं.

# फर्जी एटीएम कार्ड और सिम से पेट्रोल पंप पर ठगी करने वाला पकड़ा

**इंदौर.** कनाड़िया पुलिस ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए पेट्रोल पंप से ठगी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है. आरोपी अब तक कई बार इस तरीके से रकम हड़प चुका है. पकड़ा गया आरोपी योगेंद्र चौहान मूलत: रतलाम का रहने वाला है और इन दिनों महालक्ष्मी नगर इंदौर में रह रहा था. पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने फर्जी एटीएम कार्ड और मोबाइल सिम का उपयोग कर इंदौर स्थित बिंजालिया फ्यूल्स एंड एनर्जी और गंगोत्री डेवलपर्स प्रा. लि. पेट्रोल पंप पर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन दिखाकर नकद राशि हासिल की. आरोपी ने बताया कि वह इस तरह की ठगी 7-8 बार बिंजालिया पेट्रोल पंप पर और 17-18 बार गंगोत्री पेट्रोल पंप पर कर चुका है.

# अवैध कट्टा लेकर न्यायालय पहुंची महिला को किया गिरफ्तार

**मुरैना, 09 सितंबर.** एक महिला घरेलू विवाद के चलते न्यायालय में गवाही देने अवैध कट्टा लेकर पहुंची तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. पुलिस सूत्रों के अनुसार बानमौर कस्बा निवासी केशव राठौर का एक घरेलू विवाद का मामला मुरैना की एक अदालत में चल रहा है. इसी क्रम में कल उसकी पत्नी रेखा राठौर अदालत में गवाही देने आई थी. रेखा न्यायालय का पहला गेट पार कर अदालत में प्रवेश करने ही वाली थी, उसी दौरान वहां तैनात एक पुलिसकर्मी की निगाह उसके कपड़ों के अंदर रखे कट्टे पर पड़ी. सुरक्षाकर्मी को देशी कट्टा मिला.

# अधूरी और उखड़ती सड़कों पर सवाल

### सौंसर क्षेत्र पीएम सड़क योजना की कार्यप्रणाली को लेकर ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग

**सौंसर 9 सितंबर. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सौंसर विधानसभा क्षेत्र में बन रही और बनी सड़कों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.**



क्षेत्र में अधूरे पड़े कार्य, टूटे हुए पुल और जल्द ही खराब हो चुकी सड़कों को लेकर भ्रष्टाचार मुक्त मध्यप्रदेश अभियान संगठन ने महाप्रबंधक प्रधानमंत्री सड़क योजना एवं जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा. संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिन के भीतर दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो क्षेत्र की जनता सामूहिक शिकायत दर्ज कर विरोध प्रदर्शन का रास्ता अपनाएगी. कलेक्टर अजय देव शर्मा को दिए गए ज्ञापन में आमला-जोबनी खापा मार्ग पर पुलिया निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे बरसात के दिनों में ग्रामीणों का संपर्क टूट जाता है. ग्राम सतनूर-सावंगा मार्ग की सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है, ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतें आ रही हैं. ग्राम देवी-बडोसा-राघादेवी मार्ग पर 24 साल पुराना पुलिया अब जर्जर और छोटा पड़ चुका है. यहां से जुड़े 20 गांवों का संपर्क अक्सर बाधित हो जाता है.

# मजरे टोले को जोड़ने झाबुआ-रतलाम को दे प्राथमिकता

### मंत्री नागरसिंह और सांसद अनिता चौहान ने की केन्द्रीय मंत्री शिवराज से मुलाकात

**आलीराजपुर,09 सितम्बर.** मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद अनीता चौहान के अथक प्रयासों के चलते सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामों में दूरस्थ बसाहटो को मुख्य सड़कों से जोड़ने अर्थात मजरो टोला में निवासरत ग्रामीणजनों को भी मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए मजरा टोला सड़क की मांग की थी, जिसे मूर्त रूप देते हुए भारत सरकार द्वारा मजरा टोला तक सड़क बनाने का निर्णय लिया था,



जिसका निरंतर सर्वे आदि विभागीय कार्य चल रहा है.

इसी संबंध में मप्र सरकार के कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं रतलाम झाबुआ अलीराजपुर की सांसद अनीता चौहान ने भारत सरकार के कृषि कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से दिल्ली पहुंच कर मुलाकात कर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही. मंत्री चौहान के विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली स्थित आवास पर हुई.

> मंत्री चौहान ने चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि आप हमारे आदिवासी बाहुल्य अलीराजपुर झाबुआ रतलाम जिले की भौगोलिक स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ है. यहां पर बड़ी संख्या में मजरे टोलो में ग्रामीणजन निवास करते हैं. ऐसे में मजरे लोटो तक बनने वाली सड़क ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत लोगों को सीधे शहरों से जोड़ने का कार्य करेंगे. जिससे ग्रामीणों को चिकित्सा, शिक्षा, सुरक्षा एवं संसाधनों की पूर्ति हेतु बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ-साथ समय की भी बचत होगी.

# लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस ने किया घेराव

**जबलपुर, 09 सितम्बर. एनएसयूआई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया.**



मंगलवार को आईजी कार्यालय घेरा. साथ ही एक सप्ताह के भीतर पुलिसकर्मियों को निलंबित कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की और चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी. इस दौरान कांग्रेसियों ने बताया कि विगत दिवस एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन देने पहुंचे एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष एड अमित मिश्रा एवं कार्यकर्ताओं के ऊपर पुलिस कर्मियों के द्वारा बर्बरता पूर्वक पिटाई हुई जिसका वीडियो सोशल मीडिया वायरल हुआ. जिसमें एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने के बाद भी कुछ पुलिस कर्मियों द्वारा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के ऊपर हमला किया गया, जो की घोर आपत्तिजनक था, जिसके विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सिविल लाइन स्थित आईजी कार्यालय में सैकड़ो की तादाद में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आईजी के नाम ज्ञापन सौंपा. कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने बताया कि लोकतंत्र में सभी को अपनी आवाज उठाने का अधिकार है.

# शिवदयाल गुर्जर होंगे झाबुआ जिले के नए पुलिस कप्तान

**झाबुआ,09 सितम्बर. प्रदेश में 8 सितंबर को देर रात मप्र शासन गृह विभाग भोपाल द्वारा प्रदेश के 30 और आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए. जिसमें जारी आदेश में झाबुआ जिले के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में शिवदयाल सिंह गुर्जर की पदस्थापना की गई है.**




गुर्जर 14वीं बटालियन ग्वालियर के पुलिस अधिकारी है. उल्लेखनीय है कि इससे पहले 8 सितंबर की शाम को जारी आदेश में 30 आईपीएस अधिकारियों को इधर से उधर किया गया था. झाबुआ एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के करीब 2 माह की ट्रेनिंग के लिए बाहर जाने के बाद पुलिस अधीक्षक का दायित्व रघुवंश सिंह भदौरिया को सौंपा गया था. जिन्हें अब अलीराजपुर जिले का एसपी बनाया गया है. अब जिले के नए पुलिस कप्तान के रूप में शिवदयाल सिंह गुर्जर जल्द ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदभार ग्रहण करेंगे.

# चूहे काटने की घटना में दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**भोपाल, 9 सितम्बर. मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने इंदौर के एमवॉय अस्पताल में घटित चूहे काटने की घटना पर की गई कार्रवाई की मंत्रालय में समीक्षा की.**

उन्होंने निर्देश दिए कि पूरी कार्यवाही निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं तथ्यों के आधार पर की जाए. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं स्वास्थ्य सेवाओं की छवि को धूमिल करती हैं, दोषी व्यक्तियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही, ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी रोकथाम उपाय तुरंत लागू किए जाएं. उप मुख्यमंत्री



शुक्ल ने यह भी कहा कि अस्पताल परिसरों की स्वच्छता, सुरक्षा और मरीजों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए. किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी, एमडी एमपी पब्लिक हेल्थ सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड मयंक अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. उल्लेखनीय है अस्पताल अधीक्षक डॉ. अशोक यादव, प्रो. एवं विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश लाहोटी, प्रो. डॉ. मनोज जोशी एवं सहायक प्रभारी नर्सिंग अधिकारी कलावती भलावी को उक्त घटना के लिए कारण नोटिस जारी किए गए हैं.

सहायक अधीक्षक एवं भवन प्रभारी डॉ. मुकेश जायसवाल, प्रभारी नर्सिंग अधिकारी प्रवीणा सिंह, नर्सिंग अधिकारी आकांक्षा बेंजामिन एवं श्वेता चौहान को निलंबित किया गया है.

# प्रमोशन में आरक्षण पर हुई सुनवाई, जवाब को बताया अधूरा

**जबलपुर.** मध्यप्रदेश में पदोन्नति में आरक्षण के मुद्दे पर मंगलवार को हाईकोर्ट में अहम सुनवाई हुई. राज्य सरकार ने अदालत में पुरानी और नई प्रमोशन पॉलिसी का तुलनात्मक चार्ट पेश किया, लेकिन याचिकाकर्ताओं ने अधूरा जवाब देने का आरोप लगाया.अब इस मामले की अगली सुनवाई 16 सितंबर को होगी. राज्य सरकार ने हाईकोर्ट को बताया कि नई नीति में वर्गवार आंकड़े दिए गए हैं और यह पुरानी पॉलिसी से अलग है. हालांकि कोर्ट ने सवाल उठाया कि प्रमोशन में आरक्षण देने का आधार क्या है, आबादी या सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व इसके साथ ही अदालत ने सरकार से यह भी पूछा कि क्या नई पॉलिसी में सुप्रीम कोर्ट के सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया गया है. मंगलवार को सरकार की ओर से पूर्व एडिशनल अटॉर्नी जनरल सीएस वैद्यनाथन पैरवी में शामिल हुए। दरअसल इस मामले में पैरवी पूर्व एडिशनल अटॉर्नी जनरल सीएस वैद्यनाथन और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता करेंगे. सुनवाई में सरकार ने नई प्रमोशन पॉलिसी लागू करने की अंतरिम राहत देने की मांग की गई है. फिलहाल कोर्ट के निर्देश और अंडरटेकिंग के चलते नई पॉलिसी का क्रियान्वयन रुका हुआ है. गौरतलब है कि इस मामले की 9 जुलाई को हुई विगत सुनवाई में हाई कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था.

# हाईरिस्क प्रेगनेंसी में महिलाओं को खतरा

## जिले के हर सीएचसी में मनाया जा रहा मातृत्व दिवस

**मंडला,09 सितम्बर . गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व सेवाएँ उपलब्ध कराने और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है.**



इसी क्रम में जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में हर महीने की 9 और 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जा रहा है. इन शिविरों में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जाँच की जाती है ताकि समय रहते हाई रिस्क प्रेगनेंसी की पहचान कर उन्हें विशेष चिकित्सा सुविधा दी जा सके. सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने बताया कि यदि तय तिथि अवकाश के दिन आती है तो शिविर अगले कार्य दिवस पर आयोजित किया जाता है. इन शिविरों में गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, एचआईवी, यूरिन प्रोटीन, यूरिन क्लॉक और एल्बुमिन जैसी महत्वपूर्ण जांचें नि:शुल्क की जा रही हैं. ऐसे मामलों में विशेष निगरानी और बेहतर चिकित्सा की आवश्यकता होती है. जरूरत पड़ने पर महिलाओं को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य केंद्रों में रेफर किया जाता है ताकि प्रसव सुरक्षित हो सके.

> **टेस्ट से डायबिटीज की पहचान**
>
> नर्सिंग ऑफिसर मोनिका उइके ने जानकारी दी कि शिविर में गर्भवती महिलाओं में डायबिटीज का पता लगाने के लिए ओरल ग्लूकोज टॉलरेंस टेस्ट किया जाता है. इसमें 75 ग्राम ग्लूकोज को 300 एमएल पानी में मिलाकर घोल तैयार कर महिला को पिलाया जाता है और दो घंटे बाद रक्त का नमूना लेकर शुगर स्तर जाँचा जाता है. यह टेस्ट शरीर की चीनी को संसाधित करने की क्षमता को दर्शाता है. हाई रिस्क प्रेगनेंसी में माँ और शिशु दोनों की स्थिति सामान्य गर्भावस्था की तुलना में ज्यादा जटिल हो सकती है.

# कारोबारी पर हमला 15 लाख लूटने का प्रयास

**गंजबासौदा.** कृषि उपज मंडी के अनाज व्यापारी के मुनीम अमित रघुवंशी बैंक से 15 लख रुपए लेकर मोटरसाइकिल से कृषि उपज मंडी किसानों का भुगतान करने जा रहे थे. रास्ते में हथोड़ा के निकट अज्ञात लोगों ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया. जिससे वह लहूलुहान हो गए परंतु उन्होंने रुपए से भरा थैला नहीं छोड़ा. इसी बीच रोड से कुछ लोग निकले उन्हें देखते ही हमलावर भाग निकले इस वारदात की देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है. पुलिस तहकीकात कर रही है व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि लूटपाट के आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए तो वह बासौदा बंद कर करने की अपील कारोबारी से करेंगे और पुलिस का विरोध किया जाएगा.

# आउटसोर्स कर्मचारियों को मिल रहा कम वेतन

**गुना,09 सितम्बर. जिले में आउटसोर्स कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को तय वेतन से कम भुगतान करने और शोषण के गंभीर आरोप सामने आए हैं.**

यह मामला तब चर्चा में आया जब गुना निवासी गजानंद कश्यप ने कलेक्टर जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई. शिकायत में बताया गया कि वे पिछले तीन वर्षों से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) गुना में पीएनजी, जीएनजी गैस प्रोजेक्ट पर पोलका जी इंटरप्राइजेज नामक आउटसोर्स कंपनी के माध्यम से कार्यरत थे. गजनंद कश्यप का पद एचएसई इंचार्ज था और उनकी निर्धारित मासिक वेतन राशि 29,387 रुपये थी, लेकिन कंपनी द्वारा मात्र 19,000 रुपये ही दिए जाते थे. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि इस वेतन में से भी उनका 3,600 रुपये का पीएफ काटा जाता था, जबकि खाते में मात्र 2,290 रुपये ही जमा किए जाते थे. शेष राशि कंपनी से जुड़े महेंद्र लोधी द्वारा वापस वसूल कर ली जाती थी.

जब इस विषय पर विरोध दर्ज कराया गया तो उनके साथ अनुचित व्यवहार किया गया और नौकरी से हटाने की धमकी दी गई. गजनंद कश्यप ने मामले की जानकारी आईओसीएल अधिकारियों को भी दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई.

**मुसीबत** वाहन चालकों के लिए जानलेवा बनी स्थिति

# बरसात में छलनी हुई नीमच-चीताखेड़ा सड़क

**नीमच, 09 सितम्बर. प्रदेश सरकार की उन्नत सडक़ों के दावों के बीच हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है. नीमच से चीताखेड़ा को जोड़ने वाली मुख्य सडक़ पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुकी है.**



बरसात के दिनों में सडक़ तालाब का रूप धारण कर चुकी है और वाहन चालकों के लिए यह मार्ग अब जानलेवा साबित हो रहा है. कुछ समय पहले गड्ढों को मिट्टी और गिट्टी से भरकर मरम्मत की गई थी, लेकिन चार दिन बाद ही हालत जस की तस हो गई. मटेरियल वाहनों के टायरों से उड़ गया और सडक़ फिर से खतरनाक बन गई. चीताखेड़ा से नीमच मार्ग पर महुडिया गांव के पास सडक़ पूरी तरह से छलनी हो चुकी है. हालात यह हैं कि एक गड्ढे से बचने वाहन चालक सीधे 10 गड्ढों में गिर जाते हैं. पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है. बारिश का पानी भर जाने से सडक़ किनारे के घरों के बाहर खड़े रहना तक लोगों के लिए कठिन हो गया है.

> **प्रशासन का ढुलमुल रवैया**
>
> खस्ताहाल सडक़ों के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए. चीताखेड़ा-नीमच और चीताखेड़ा-जीरन मार्ग वर्षों से बदहाल पड़े हैं. डामरीकरण सडक़ को राबडिया-हरनावदा, बरकटी-घसुण्डी जागीर, जामनगर-बरकटी, पिपलिया जागीर-खड़वेलिया, चीताखेड़ा-गमेरपुरा, भिलोकाखेड़ा और हरनावदा-गोविंदपुरा मार्ग की जनता आज भी डामरीकरण सडक़ की राह देख रही है.
>
> **पीडब्ल्यूडी का पक्ष**
>
> एसडीओ सुरज जानिया (पीडब्ल्यूडी विभाग, नीमच) ने बताया, नीमच-चीताखेड़ा मार्ग को टू-लेन स्वीकृति मिल चुकी है और टेंडर भी हो गया है. केवल आदेश जारी होना शेष है. फिलहाल स्थायी निर्माण संभव नहीं है, लेकिन मड़ूडिया, धामनिया और कराडिया महाराज के पास बने गड्ढों को मिट्टी भरवाकर वैकल्पिक व्यवस्था जल्द ही की जाएगी. कराडिया महाराज घाटी और धामनिया बस स्टैंड के पास भी सडक़ें पोखरों में बदल चुकी हैं.

# गौवंश का शव मंदिर के पास फेंका

### बानमौर इंडस्ट्रियल एरिया की घटना

### पुलिस ने कार्रवाई कर सड़क को मुक्त कराया

नवभारत न्यूज

**मुरैना. 9 सितंबर. यहां के इंडस्ट्रियल एरिया बानमौर में अज्ञात असामाजिक तत्वों ने गाय के बछड़े को मारकर बोरी में बंद कर मंदिर के पास फेंक दिया. मौके पर बड़ी संख्या में गौ सेवक और हिंदू संगठन पहुंचे.**

उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और सड़कों पर उतरकर हंगामा किया.हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने एनएच 44 पर जाम लगाया, जिसे पुलिस ने खुलवा दिया. बानमौर रेल्वे स्टेशन वाली गली के पास बने मंदिर के पास अज्ञात लोगों ने बछड़े को मारकर बोरी में बंद कर फेंका.सफाई कर्मी ने इस बोरे को देखा और इसकी सूचना बानमौर पुलिस को दी. बछड़े का शव मिलने की खबर धीरे-धीरे पूरे जिले में फैल गई.इसके बाद लगभग 500 से अधिक कार्यकर्ता बानमौर पहुंच गए.पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए गए और घटना के खिलाफ विरोध जताया. हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं और गौ सेवकों ने सड़क पर उतरकर जाम लगा दिया.

हालांकि जाम ज्यादा समय तक नहीं रहा, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर सड़क को मुक्त कराया. बानमौर थाना प्रभारी अमित भदौरिया ने बताया कि बछड़े का शव मिला है.

# छात्रवृत्ति न मिलने से छात्रों ने रैली निकाल कर किया प्रदर्शन

**सिंगरौली 9 सितम्बर.** जिला मुख्यालय बैढ़न में आज दिन मंगलवार को छात्रवृत्ति की मांग सहित 15 सूत्रीय विभिन्न समस्याओं को लेकर के एससी-एसटी और पिछड़ा वर्ग के छात्रों ने सिंगरौली में कलेक्ट्रोरेट के सामने प्रदर्शन किया और 15 मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा. अनुसूचित जाति-जनजाति संगठन के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर कोल ने बताया कि जिले में छात्रों को बेहद समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. यहां छात्रों को सरकार द्वारा मिलने वाली छात्रवृत्ति 2024-25 बजट के कारण अब तक नहीं मिल पाई है.